# कार्यालय, नगर परिषद, ढाका, पूर्वी चम्पारण।

दिनांकः 08.07.2026

## अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (NIT-04/2026-27)

(ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टलः eproc2.bihar.gov.in के माध्यम से)

नगर परिषद, ढाका की ओर से प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम एजेंसियों/फर्मों/ठेकेदारों या मूल उपकरण निर्माताओं (OEM) से क्रय एवं स्थापित किए गए 50 यूनिट अनब्रांडेड ड्रिंकिंग वॉटर रिवर्स ऑस्मोसिस (RO) एटीएम के व्यापक मरम्मत, पुनरूद्धार, संचालन और दीर्घकालिक रखरखाव (CAMC) कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं/बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

1. **निविदा प्रक्रिया की समय–सारणी (Schedule of Bidding Process)**

| क्र.सं. | निविदा गतिविधि | विवरण/समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | नगर परिषद, ढाका के अंतर्गत 50 अदद ड्रिंकिंग वॉटर एटीएम की व्यापक मरम्मत, ओवरहालिंग, पुनः संचालन एवं वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMS) का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | आइटम–रेट के आधार पर (प्रतिस्पर्धी वित्तीय बोली) |
| 3 | अग्रधन की राशि (EMD) | रु0 80,000/–(रुपये अस्सी हजार मात्र) eproc2 पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन देय। |
| 4 | निविदा दस्तावेज शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क | रु0 5,000/–(गैर–प्रतिदेय/Non-Refundable) ऑनलाइन जमा किया जाना है। |
| 5 | अनुबंध की अवधि | 03 (तीन) वर्ष (संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर अवधि को 2 और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है)। |
| 6 | पोर्टल पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.07.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे से |
| 7 | दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ होने की तिथि | 15.07.2026 को पूर्वाहन 11:30 बजे से |
| 8 | प्री–बिड बैठक की तिथि एवं स्थान | 17.07.2026 को अपराहन 02:00 बजे, सभागार कक्ष, नगर परिषद ढाका। |
| 9 | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 23.07.2026 को अपराहन 05:00 बजे तक |
| 10 | तकनीकी बीड (Technical Bid) खोलने की तिथि | 24.07.2026 को अपराहन 03:00 बजे |
| 11 | वित्तीय बीड (Financial Bid) खोलने की तिथि | तकनीकी रूप से निविदा में सफल निविदाकारों को सूचित किया जाएगा। |

2. **कार्य का विस्तृत दायरा (Scope of Work)**

सफल निविदाकार को नगर परिषद ढाका की सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक 28.03.2025 में स्वीकृत दिशा–निर्देशों एवं बिहार वित्तीय नियमावली (BFR) के आलोक में व्यवस्थित पुनरूद्धार योजना को निष्पादित करना होगा। इसके मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:

1. **प्रारंभिक निदान एवं पुनरूद्धारः** सभी 50 वॉटर एटीएम का संयुक्त भौतिक सत्यापन (JPV) करना, चोक हो चुकी आरओ मेम्ब्रेन, फिल्टर मीडिया, कोर पैनल, डिस्पेंसिंग मैकेनिज्म, पावर सप्लाई और सिक्का/RFID/UPI सेंसर को बदलकर शत–प्रतिशत क्षमता बहाल करना।
2. **नियमित एवं निवारक रखरखावः** मासिक रूटीन सर्विसिंग, फिल्टर बैकवाशिंग, उपभोग्य सामग्रियों (Consumables) को बदलना तथा बुनियादी ढांचे का रखरखाव सुनिश्चित करना।
3. **जल गुणवत्ता मानकः** उपचारित पेयजल का आउटपुट अनिवार्य रूप से IS 10500:2012 मानकों के अनुरूप बनाए रखना, जिसके लिए राज्य/PHED मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से त्रैमासिक (Quarterly) जल जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
4. **अपटाइम और पेनाल्टीः** सभी एटीएम का न्यूनतम मासिक चालू समय (Uptime) 95% होना अनिवार्य है। खराबी की सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर मरम्मत न होने पर प्रति मशीन प्रतिदिन की दर से लिक्विडेटेड डैमेज (पेनाल्टी) काटी जाएगी।

3. **न्यूनतम पात्रता मानदंड (Minimum Eligibility Criteria)**

- **पंजीकरणः** निविदाकार भारत में एक पंजीकृत इकाई होना चाहिए (प्रोपराइटरशिप, पार्टनरशिप, प्राइवेट लिमिटेड या लिमिटेड कंपनी) जिसके पास वैध GSTIN और PAN पंजीकरण हो।
- **तकनीकी अनुभवः** पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी सरकारी विभाग, सार्वजनिक उपक्रम (PSU) या शहरी स्थानीय निकाय (ULB) के लिए न्यूनतम 15 वॉटर एटीएम/उच्च क्षमता वाले आरओ फिल्ट्रेशन प्लांट की स्थापना, कमीशनिंग या रखरखाव का कम से कम एकल कार्य आदेश सफलतापूर्वक निष्पादित किया हो।
- **वित्तीय टर्नओवरः** पिछले तीन लगातार वित्तीय वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर कम से कम रु25 लाख होना चाहिए, जो पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) द्वारा प्रमाणित हो।
- **काली सूची (Blacklisting) के संबंध में शपथ पत्रः** गैर–न्यायिक स्टैम्प पेपर पर नोटरीकृत शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि फर्म को किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकारी विभाग या ULB द्वारा कभी भी काली सूची में नहीं डाला गया है।

4. **निविदा जमा करने के दिशा–निर्देश एवं सामान्य शर्तें**

1. सभी बोलियां अनिवार्य रूप से बिहार ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (eproc2.bihar.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। कोई भी भौतिक (Offline) आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. ई–टेंडरिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निविदाकारों के पास वैध क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना आवश्यक है।
3. निविदा दस्तावेज शुल्क और अग्रधन की राशि (EMD) का भुगतान eproc2 प्लेटफार्म पर उपलब्ध ऑनलाइन माध्यमों से ही किया जाएगा। भुगतान की स्कैन की गई प्रतियां तकनीकी बोली के साथ अपलोड करनी होंगी।
4. बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार, अस्वीकार या संशोधित करने का अधिकार नगर परिषद, ढाका के पास सुरक्षित रहेगा।

5. **विशेष निर्देश**

बिहार वित्तीय नियमावली के नियमों के तहत, यह अनुबंध पूर्णतः **आइटम रेट आधारित बोओक्यू (BOQ)** पर संचालित होगा। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे ढाका नगर परिषद् क्षेत्र में जाकर सभी वाटर ए0टी0एम0 की वर्तमान भौतिक स्थिति का आकलन करने के उपरान्त ही अपनी वित्तीय बोली eproc2 पोर्टल पर अपलोड करें।

08/07/26

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, ढाका।